हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 23.6 डिग्री
न्यूनतम 6.5 डिग्री



## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर छात्रा को किया अगवा

**यमुनानगर।** जगाधरी की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी छोटी लड़की जगाधरी के ही निजी स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ती है। 10 दिसंबर को वह कॉलोनी में किसी काम से गई थी। उसे मालूम हुआ कि उसकी लड़की को उत्तर प्रदेश के जिला गोंडा के थाना परसपुर के भूपतपुर निवासी बब्बू शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर ले गया। बब्बू कुछ समय से राजेश कॉलोनी में किराये के मकान में रहता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 27 को सीएम आवास का घेराव करेंगे कर्मचारी

**बराड़ा।** पैक्स यूनियन के स्टेट कार्यकारिणी सदस्य दविंद्र राणा ने कहा कि 19 दिसंबर को जो पैक्स कर्मचारियों ने सीएम आवास को घेरने का कार्यक्रम रखा था वह पूरी तरह सफल रहा। हालांकि सरकार द्वारा पैक्स कर्मचारियों को उनके घरों में डिटेन करने व हर नाके पर कर्मचारियों को गिरफ्तार किए जाने के बाद भी कर्मचारी तय स्थल पर पहुंच गए और घेराव को सफल बनाया। स्टेट कार्यकारिणी कमेटी ने इसी कड़ी में तय किया है कि पैक्स के सभी कर्मचारी आगामी 27 दिसंबर 2023 को अपनी मांगों को लेकर करनाल में सीएम आवास का घेराव करेंगे। जनता के बीच जाकर सरकार के खिलाफ प्रचार करेंगे।

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**अंबाला।** तेज रफ्तार कार ड्राइवर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर चोट आने के कारण एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मृतक की शिनाख्त बिहार के नालंदा जिला के बिंद गांव के सोहराम के रूप में हुई है। घायल युवक भी इसी गांव का है। परिवादी साजन ने बताया कि वह अपने गांव के दोस्त सोहराम के साथ शुक्रवार को बाइक पर दोसड़का से वापस ईंट भट्टा पर जा रहे थे। प्लाजा धनौरी रोड के सामने तेज रफ्तार एक गाड़ी आई और उनकी बाइक को टक्कर मार दी। अस्पताल ले जाने पर साहेराम की मौत हो गई।

### अमेरिका भेजने के नाम 40 लाख रुपये ठगे

**पानीपत।** पुलिस ने गांव जाटल निवासी आशीष पुत्र जगबीर से विदेश भेजने के नाम पर 40 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के एक आरोपी को शनिवार देर शाम यूपी के लखनऊ एयरपोर्ट से गिरफ्तार करने में बड़ी कामयाबी हासिल की। आरोपी की पहचान अनुप निवासी बैंक कॉलोनी करनाल के रूप में हुई। शनिवार को आरोपी यूपी के लखनऊ से दुबई भागने की फिराक में था। थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने रविवार को आरोपी अनुप को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया।

# बंदियों की शिल्पकला को खूब किया गया पसंद, 7.95 लाख का कारोबार

- कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर तट पर गीता महोत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र





कुरुक्षेत्र। गीता जयंती महोत्सव के दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कारागार के महानिदेशक मोहम्मद अकील ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में बंदियों की शिल्पकला को पर्यटकों ने बहुत पंसद किया। इन बंदियों ने अपने हाथों से एक से एक अच्छा और उच्च गुणवता का समान तैयार किया। इस महोत्सव में कुल 7 लाख 95 हजार का कारोबार किया।



मोहम्मद अकील।

महानिदेशक मोहम्मद अकील ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के सरस मेले में स्टॉल नंबर 628 और 629 पर 8 जिलों के बंदियों द्वारा बनाए गए लकड़ी के सोफे, मोबाईल स्टैंड, पोट, स्टूल, बैंच, आंवला कैंडी, कपड़े से बने समान सहित अन्य उत्पादों को पर्यटकों के लिए रखा गया है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र जेल, सेंटरल जेल अंबाला, यमुनानगर, करनाल, सोनीपत, पंचकूला, हिसार सेंटरल जेल-1 और हिसार जिला जेल-2 की जेलों के बंदियों ने बहुत सुंदर और अच्छी गुणवता के उत्पाद तैयार किए है। इन उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में रखा गया है और पर्यटक इन उत्पादों को हाथों-हाथ खरीद रहे है। इन उत्पादों की गुणतवा बाजार के उत्पादों से कहीं ज्यादा अच्छी है और दाम भी आधे है। उन्होंने कहा कि महोत्सव-2023 में पर्यटकों द्वारा लगभग 5 लाख 75 हजार का समान खरीदा गया और 2 लाख 20 हजार रुपए के समान के आर्डर भी प्राप्त हुए है। जेल अधीक्षक सोमनाथ जगत ने कहा कि इस स्टॉल पर जेल कर्मचारियों की देखरेख में उत्पादों की बिक्री की जा रही है।

### असम की हातिमा हस्तकला प्रस्तुत

**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में इस बार सांस्कृतिक साथी राज्य के रूप में असम जुड़ा है। इस मौके पर असम पवेलियन में असम की अद्भुत संस्कृति की झलकियां देखने को मिल रही हैं। इसी बीच पर्यटकों के समक्ष प्रस्तुत की गई असम की हातिमा हस्तकला। इस अद्वितीय संस्कृति का समकालीन कला के साथ एक अनूठा मेल लेकर विख्यात मूर्तिकार बोकुल पाल इस महोत्सव में पहुंचे। असम के अशारीकांडी में जन्मी इस प्रख्यात हस्तकला का ऐतिहासिक महत्त्व भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण द्वारा प्रमाणित है। असम पवेलियन में लगे हातिमा स्टूडियो स्टॉल पर प्रदर्शित कलाकृतियां पर्यटक खरीद भी सकते हैं। बोकुल पाल ने कहा कि उनके लिए अच्छी प्रतिक्रिया का मतलब सिर्फ धन से नही है, बल्कि लोगों में इस कला को जानने की जिज्ञासा और प्रशंसा भी उनके लिए सफलता का प्रतीक है। उनके पिताजी को भी इस कला के लिए 1982 में राष्ट्रीय पुरुस्कार मिल चुका है और अब वो इसी कला को एक नए रूप में पेश कर रहे हैं।

### कृष्ण-अर्जुन की प्रतिमाएं बनी आकर्षण का केंद्र

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन की घूमती हुई प्रतिमा तथा गणेश व वेद व्यास ऋषि की भव्य और सुंदर प्रतिमाएं पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। इन सेल्फी प्वाइंट की फोटो लाखों लोगों के घरों तक तथा सोशल साईर्टस के प्लेटफार्म तक पहुंची है। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी को भव्य और सुंदर तथा हाईटेक बनाने का सारा श्रेय मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जपसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल को जाता है। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के अतिरिक्त निदेशक डा. कुलदीप सैनी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में 7 दिसंबर से लेकर 24 दिसंबर तक पर्यटकों की भीड़ लगी रही। इस प्रदर्शनी की शुरूआत 17 दिसंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने की थी। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी को 8 दिनों के अंदर लाखों पर्यटकों ने देखा। इन पर्यटकों ने पवित्र ग्रंथ गीता के 18 अध्यायों के 18 श्लोकों, 48 कोस तीर्थों के वर्णन व महत्व को खूब सराहा।

### असम शिल्पकारों ने 50 लाख का किया कारोबार

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में असम प्रदेश को पार्टनर स्टेट के रुप में चयन किया गया। इस राज्य के शिल्पकारों ने करीब 50 लाख रुपए का कारोबार किया है। इन शिल्पकारों का महोत्सव से 2 दिन पहले ही शिल्पकला का सारा समान पर्यटकों द्वारा खरीद लिया गया था। अहम पहलू यह है कि असम प्रदेश से 150 कलाकारों ने बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए और इस असम पवेलियन में जहां असम प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, खानपान और शिल्पकला से रुबरु होने का प्रदेश के लाखों लोगों को एक अनोखा अवसर हरियाणा सरकार और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की तरफ से उपलब्ध करवाया गया। खास बात यह है कि इस पवेलियन का उदघाटन भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया। असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा ने भी पवेलियन का अवलोकन किया था। महोत्सव में पुरुषोतमपुरा बाग में असम सरकार की तरफ से पवेलियन लगाया गया। इस पवेलियन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आदेशानुसार केडीबी और प्रशासन ने असम के कलाकारों और शिल्पकारों को तमाम सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई।

इस ब्रहमसरोवर के वातावरण, लाखों पर्यटकों की आवाजाही को देखकर असम के शिल्पकार और कलाकार दंग रह गए। असम कला एवं सांस्कृति विभाग के अधिकारी मुनीष शर्मा का कहना है कि इस पवेलियन को 24 दिसंबर तक लाखों लोगों ने विजिट किया और इस पवेलियन की खूब सराहना की है। इन पर्यटकों ने असम की शिल्पकला को खूब पंसद किया।

### लोक गायिका रंजू प्रसाद ने जमाया रंग

अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो, दर पे तुम्हारे गरीब आ गया है..., छोटी-छोटी गईया, छोटे-छोटे बाल... आदि भजनों से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या कृष्ण रस से सराबोर हो गई। इस सांस्कृतिक संध्या को कृष्णमय करने का काम भारतीय डाक सेवाएं 1988 बैच की चीफ पोस्टमास्टर जनरल एवं सुप्रसिद्द्घ लोक गायिका रंजू प्रसाद ने किया। इस लोक गायिका ने राधा कृष्ण, कृष्ण-सुदामा, कृष्ण लीलाएं, कृष्ण-गोपियों का स्नेह, मीरा की भक्ति आदि भजनों को प्रस्तुत करके सबको भाव-विभोर कर दिया। महोत्सव 2023 में प्रसिद्द्घ लोक गायिका रंजू प्रसाद और पूर्व गृह सचिव एसएस प्रसाद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज लोक गायिका रंजू प्रसाद ने भगवान गणपति देवा की वंदना से किया। इसके उपरांत उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित कई भजनों की प्रस्तुति देकर पंडाल में बैठे हजारों दर्शकों को भक्तिरस में सराबोर कर दिया और सभी दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई तथा कलाकारों की प्रस्तुती की जमकर प्रंशसा की। लोक गायिका रंजू प्रसाद ने अपनी शानदार प्रस्तुती देकर दूर-दराज से आए मेहमानों को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव और कर्मभूमि कुरुक्षेत्र में पहुंचने का एहसास भी कराया।

# निसिंग में पीट-पीट कर युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

- भाई बोला, पुरानी रंजिश में आरोपियों ने लाठियों से पिटाई की, घर के बाहर फेंका

निसिंग में युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। पुरानी रंजिश में आरोपियों ने शराब पीने के बाद युवक पर लाठी-डंडों से वार किए। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मृतक की पहचान संदीप (27) निवासी वार्ड नंबर 1 निसिंग के रूप में हुई है। उसके भाई रिंकू ने बताया कि संदीप दिहाड़ी-मजदूरी करता था। शनिवार शाम को वह काम से घर आ गया था। पड़ोस का लड़का कृष्ण गांव में ही अपने 5 से 6 दोस्तों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। शराब पीते समय कृष्ण ने संदीप के दोस्तों से उसका नंबर मांगा, ताकि उसके बुला कर पीट सकें। संदीप को उसके दोस्तों ने बताया कि कृष्ण उसका नंबर मांग रहा है, ताकि वह उसे पीट सके। इस बात का पता लगने के बाद संदीप रात करीब 10 बजे आरोपी के घर चल गया। जहां पर उसकी बहन व अन्य परिवार के लोग भी थी। इस दौरान संदीप आरोपी की बहन के पांव पड़ कर बोला कि हम में लड़ने की ताकत नहीं है। जब संदीप आरोपी की बहन के पांव में पड़ कर लड़ाई न करने के लिए बोल रहा था तो कृष्ण उर्फ जरान, नवीन उर्फ मीनू सहित चार से पांच युवकों ने उसके भाई के सिर पर लाठी-डंडों व तेजधार हथियार से हमला कर दिया। आरोपियों ने संदीप को अधमरा छोड़कर घर के बाहर फेंक दिया। जब घर के बाहर संदीप की कहराने की आवाज सुनी तो वह घर से बाहर आए। संदीप खून से लथपथ पड़ा था। वह उसे निसिंग के सरकारी अस्पताल में लेकर गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए करनाल रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में भी डॉक्टरों ने उसके भाई की हालत को देखते हुए रेफर कर दिया। जिसके बाद उसे करनाल के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी उनके पड़ोस में रहता है। काफी बार हमारे परिवार की आरोपियों के परिवार के साथ कहासुनी हुई है। जिसकी रंजिश आरोपियों ने पाल रखी थी। रिंकू ने आरोप लगाया उसके भाई की हत्या में आरोपी के पिता, उसके बुआ के लड़के व अन्य तीन से चार युवकों का हाथ है।

# बच्ची बोली, पिता करता है रेप, विज ने दिए केस के आदेश

- गृहमंत्री अनिल विज ने सुनीं लोगों की समस्याएं, निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



अंबाला। गृहमंत्री के आवास के बाहर लगी लोगों की लाइनें।

रविवार को गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए लोगों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। पेहवा से आई बालिका ने अपने ही पिता पर दुराचार के आरोप लगाए जिस पर एसपी कुरुक्षेत्र को छानबीन कर केस दर्ज करने के निर्देश दिए। पानीपत से आए व्यक्ति ने उसकी बेटे को महिला द्वारा झूठे बलात्कार के आरोप में फंसाने की शिकायत की गई। व्यक्ति ने बताया पहले बेटे पर बलात्कार की धारा लगाई बाद में फिरौती की धारा लगाई गई। मंत्री ने मामले में एसपी पानीपत को एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। जींद की महिला ने तांत्रिक पर उसके परिवार में कलह डलवाने एवं परिवार सदस्यों को गुमराह करने के आरोप लगाए। एसपी जींद को तांत्रिक के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। यमुनानगर में जमीन पर कब्जे के मामले में एसपी यमुनानगर को जांच के निर्देश दिए। हिसार के उपलाना के व्यक्ति ने घर में चोरी के मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी। इसी तरह रोहतक से आए व्यक्ति ने उसके तीन कैंटर लगातार चोरी होने की शिकायत दी, जिस पर विज ने जांच के लिए एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए। हांसी के युवक ने कार लोन के नाम पर ठगी की शिकायत दी जिस पर आईजी हिसार को किसी अन्य जिले से जांच कराने के निर्देश दिए। यमुनानगर से आए परिवार ने विवाहिता को प्रताड़ति कर उसकी हत्या के आरोप लगाए जिस पर यमुनानगर एसपी को जांच के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि कोरोना से निपटने के लिए प्रदेश का स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से चौकस है। मॉकड्रिल कर सभी उपकरणों को चलाकर देखा गया है, आगे जैसे स्थिति होगी उसी के मुताबिक कोई आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विज रविवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। प्रियंका को यूपी प्रभारी पद से पार्टी द्वारा हटाए जाने पर विज ने कटाक्ष करते हुए कहा कि इनकी पार्टी (कांग्रेस) व इनके गठबंधन को राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की ताकत का पता चल गया है।

# करनाल में कार व्यापारी हमला कर नकदी-मोबाइल छीने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

- अस्पताल में मात्र टांके लगाकर पीड़ित को थमा दिया 38 हजार रुपये का बिल

करनाल में मिनार रोड टी-पॉइंट के पास बाइक सवार बदमाशों ने कार व्यापारी से लूट की। बदमाश 53 हजार कैश और आईफोन लेकर फरार हो गए। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई है। आरके पुरम निवासी अश्विनी ने बताया कि उसकी मेहता फार्म हाउस के सामने स्पेयर पार्ट की दुकान है। वह कार सेल-परचेज का भी काम करता है। शुक्रवार को वह अपनी बाइक पर सवार होकर घर की तरफ जा रहा था। शाम करीब साढ़े 6 बजे वह मिनार रोड पर एक निजी अस्पताल के सामने पहुंचा तो पीछे से 2 बाइक आईं, जिन पर 4 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि एक युवक ने बाइक से नीचे उतर कर उसके सिर पर किसी हथियार से हमला किया। जिससे वह नीचे गिर गया। बाद में चारों बदमाशों ने अपनी बाइक खड़ी करके उसके पास मौजूद 53 हजार, पर्स और आईफोन छीन लिया। उसने कल ही एक कार बेची थी और ग्राहक एडवांस में उसे 50 हजार रुपए की पेमेंट देकर गया था। आईफोन की कीमत भी करीब 45 हजार रुपए थी। पर्स में भी ढाई से 3 हजार रुपए थे। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और उनको देख हमलावर मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। एक दिन वह अस्पताल में रहा। वहां सिर्फ डॉक्टरों ने उसे टांके ही लगाए। इसके अलावा और कुछ नहीं किया गया। अस्पताल वालों ने भी उसका 38 हजार रुपए का बिल बनाकर दे दिया। उसका आरोप है कि बदमाशों के साथ-साथ अस्पताल के डॉक्टरों ने भी लूट की है।

# पुरुष मुक्केबाजी में कुवि ने पाया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली में 19 दिसम्बर से 24 दिसंबर तक नार्थ ईस्ट जोन पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने एक गोल्ड, तीन सिल्वर और दो ब्रांज मेडल जीतकर प्रतियोगिता में तीसरा स्थान जीतकर विश्वविद्यालय की खेल उपलब्धि बढ़ाने का काम किया है इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छह मेडल विजेता और तीन अन्य मुक्केबाजो ने भी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिये क्वालीफाई किया है। यह प्रतियोगिता 1-5 जनवरी, 2024 तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली में ही आयोजित की जाएगी। नार्थ ईस्ट जोन पुरुष मुक्केबाजी प्रतियोगिता जोकि 19-24 दिसंबर तक चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली में आयोजित की गई है इस प्रतियोगिता में 94 यूनिवर्सिटी के 703 मुक्केबाजो ने अलग अलग 13 वेट केटेगरी में भाग लिया। बॉक्सिंग खिलाड़ियों को एक अच्छा खेल वातावरण प्रदान करने के अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, खेल निदेशालय के कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती व टीम मैनेजर डा. राजेश फोर का धन्यवाद आभार जताया।

## शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने सालाना जोड़ मेले में की शिरकत

# साहिबजादों की शहादत जुल्म के खिलाफ बड़ी मिसाल

- शिक्षा मंत्री ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। भंभौली के गुरुद्वारा साहिब में चार साहिबजादों की याद में आयोजित जोड़ मेले में संबोधित करते शिक्षा मंत्री कंवरपाल।

हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि चार साहिबजादों की शहादत जुल्म व अत्याचार के खिलाफ एक मिसाल है। उन्होंने रविवार को गुरुद्वारा साहिब भंभौली में चार साहिबजादों की याद में आयोजित सालाना जोड़ मेले में मुख्यातिथि के रुप में भाग लेने के दौरान उक्त शब्द कहे। मौके पर शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने गुरुद्वारा साहिब में माथा टेककर आर्शीवाद लिया और लंगर में प्रसादा ग्रहण किया। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हम सभी को गुरुओं के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। धर्म व देश के लिए कुर्बानी देने वाले अमर हो जाते हैं व उन्हें दुनिया हमेशा याद रखती है। गुरु तेग बहादुर, गुरु गोबिद सिंह, माता गुजरी व चार साहिबजादों की शहादत जुल्म व अत्याचार के खिलाफ एक मिसाल है जो दुनिया के अंत तक याद रहेगी। छोटे साहिबजादों की कुर्बानी से प्रेरणा लेनी चाहिए कि छोटी आयु में भी हौसला रखने वाले दुनिया को सही रास्ता दिखा सकते हैं। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि धर्म की खातिर खुशी खुशी शहादत और जंग में दुश्मनों को धूल चटाने वाले गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के बारे में शायद ही कोई ऐसा होगा जो नहीं जानता होगा। जहां गुरुजी के दो बड़े साहिबजादे जंग में लड़ते हुए शहीद हो गए। वहीं दो छोटे साहिबजादों को जिंदा दीवार में चिनवा दिया गया। वह नन्हीं जान अपने पीछे आज एक मिसाल कायम करने वाले पदचिन्ह छोड़ गए हैं। हमें हमेशा उनकी शहादत को सिमरण रखना चाहिए। अपने पूरे परिवार को देश और धर्म के लिए बलिदान करने वाले श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की कहानी युगों युगों तक याद की जाती रहेगी। भारतीय इतिहास महापुरुषों के बलिदान से भरा पड़ा है। लेकिन इतने छोटे बच्चों की कुर्बानियां बलिदान की पराकाष्ठा हैं। गुरु गोबिंद सिंह ने अत्याचार के खिलाफ जंग लड़ी। हम सबको उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। जब तक यह दुनिया रहेगी उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। गुरुद्वारा साहिब में विभिन्न राज्यों से पहुंचे रागी जत्थों ने भी शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया। उन्होंने अपनी बाणी से चार साहिबजादों की वीरता का बखान किया। सैकड़ों संगत ने माथा टेका और प्रशाद ग्रहण किया।

# हरबीर 'किसान रत्न पुरस्कार' से सम्मानित

- कृषि के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए दिया अवॉर्ड
- भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की वर्षगांठ मनाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। प्रगतिशील किसान को सम्मानित करते हुए।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 121वीं वर्षगांठ मनाई गई। हर वर्ष इस दिन को किसान दिवस के रूप में मनाया जाता है और कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट हुए सराहनीय योगदान के लिए किसानों को अवार्ड व प्रशस्ती-पत्र दिया जाता है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल ने मुख्यतः शिरकत की। कुरुक्षेत्र के प्रगतिशील किसान ड़ाड़लू निवासी हरबीर सिंह को किसान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पिछले कुछ वर्षों से हरबीर सिंह चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र कुरुक्षेत्र से भी जुड़े हैं। इस किसान दिवस पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर कांबोज ने बताया कि कृषि और उसे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यो के लिए लगभग 42 प्रगति की प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया, जिन्हें किसान दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। इन सभी किसानों में कुरुक्षेत्र से दो प्रगतिशील किसान जिसमे रणधीर सिंह श्योकंद व महिला उद्यमी किसान सुनीता गांव खेड़ी रामनगर से थे। हरवीर सिंह को किसान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**खबर संक्षेप**

### सुशासन दिवस पर कार्यक्रम आज

**कुरुक्षेत्र।** राज्य सरकार के आदेशानुसार सुशासन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन लघु सचिवालय के सभागार में सुबह 11 बजे किया जाएगा। इस जिलास्तरीय कार्यक्रम के मुख्यातिथि मुद्रण एवं लेखन राज्यमंत्री संदीप सिंह होंगे। इस कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी नगराधीश हरप्रीत कौर ने दी है।

### शिविर लगाकर की स्वास्थ्य की जांच

**कुरुक्षेत्र।** मानवता जन शक्ति फाउंडेशन की और से अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव कुरुक्षेत्र स्थित ब्रह्मसरोवर पर 7 दिसंबर से 24 दिसंबर तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर लगाया गया। 18 दिनों तक चलने वाले इस निशुल्क कैंप में हजारों लोगों ने स्वास्थ्य जांच शिविर में स्वास्थ्य लाभ उठाया। वीरेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर लोगों की सेवा करना एक पुनीत कार्य है।

## जन्मोत्सव मिलजुल कर प्रेम व भाई चारे के साथ मनाने का आह्वान किया

# गुरु ब्राह्मनंद ने मानव को ऊं तत्सत का मंत्र दे मोक्ष का मार्ग दिखलाया

गाँव वासियों ने प्रात: हवन यज्ञ का आयोजन किया जो साध्वी माँ के सानिध्य में सम्पन्न हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी



तरावड़ी। गुरु ब्रहमानंद सेवा समिति की ओर से राजेश वैध को सम्मानित करते हुए।

जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद महाराज ने अपना पूरा जीवन मानवता की सेवा में अर्पित किया व उन्होंने सदैव जनसेवा को जीवन का मूलमंत्र बताते हुए प्रभु की भक्ति का सशक्त मार्ग दिखलाया उक्त विचार हरियाणा लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य व हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट प्रोफेसर राजेश वैध ने गाँव बस्तली व नीलोखेड़ी में जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद जी के जन्मदिवस स्थापना पर आयोजित समारोह में पहुंचे अपार जनसमूह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये द्य वैध ने कहा की गुरूजी के जन्मदिवस का पर्व भारतीय संस्कृति में अपना एक विश्व को आपसी भाई चारे, प्रेम व सत्य के मार्ग पर चलने का मार्ग दिखाया था। राजेश वैध ने जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद का जन्मोत्सव सभी से मिलजुल कर प्रेम व भाई चारे के साथ उत्सव के रूप मनाने का आह्वान किया।

वैध ने कहा की गुरूजी ने ऐसे समय में इस धरा पर अवतरण किया जब समाज अंधविश्वास, आडम्बरवाद व जाति प्रथा के मकडज़ाल में उलझा हुआ था और इंसान एक दूसरे को नीचा दिखाने में लगा हुआ था। वैध ने कहा कि उस समय गुरूजी ने सबको मानव धर्म का पालन करने का संदेश दिया व मिलजुल कर भाई चारे के साथ रहने की शिक्षा दी।

गाँव वासियों ने इस अवसर पर प्रातः हवन यज्ञ का आयोजन किया जो साध्वी माँ के सानिध्य में सम्पन्न हुआ व ढ़ोल नगाड़ों के साथ गुरूजी का जन्मदिन मनाया। वैध ने कहा की आज के समय में गुरूजी की शक्षिा पर चल कर मानव सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चल सकता है व अपने जीवन को सफल बना सकता है द्य प्रो वैध ने इस पावन दिवस पर सभी को शुभकामनायें भी दी।

इससे पूर्व गाँव बस्तली की गुरु ब्रह्मानंद सेवा समिति की पूरी टीम ने राजेश वैध का फूल मालाओ से स्वागत किया व उन्हें स्वामी ब्रह्मानंद जी का चित्र भी स्मृति चिह्न के रूप में भेंट किया। इस अवसर पर बस्तली गाँव के सरपंच अनिल कुमार, गुरु ब्रह्मानंद कमेटी के प्रधान रोशन लाल, राजेश कुमार, बिल्लू, राजकुमार झंझड़ी,पोली राम, नाथी राम, पूर्व पार्षद पूजा रानी, मास्टर मेहरचंद, सत्यनारायण, जगदीश चंद्र, सुरेंद्र बढ़थल, देवेंद्र राणा, सतपाल, बलराज, मास्टर मेहरचंद के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

## ब्रह्मानंद की शिक्षा धारण करने से होगा उद्धार : शक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल



■ स्वामी ब्रह्मानंद की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित

जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज की जयंती को जिले भर में बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर गांवों में स्थित गुरुजी के मंदिरों एवं आश्रमों में हवन-यज्ञ, भजन-कीर्तन एवं सत्संग किए गए और जगह-जगह पर भंडारे व लंगर लगाए गए। नगर में आयोजित भंडारे में स्वामी जी की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए अखिल भारतीय रोड़ समाज के वरिष्ठ अधिवक्ता चौधरी शक्ति सिंह ने कहा कि स्वामी जी ने जीवनपर्यंत घूम-घूमकर कर हवन-यज्ञ कर भंडारे लगाए। स्वामी जी ने हमेशा युवाओं को नशे से दूर रहने व नियमित हवन-यज्ञ करने को प्रेरित किया। लोगों को अपनी कन्याओं को शिक्षित करने, भूखों को खाना खिलाने और असहायों की मदद करने की सीख दी। गुरु महाराज ने समाज को जो शिक्षा दी अगर लोग उन शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण कर लें तो उनके जीवन का उद्धार हो जाएगा। स्वामी जी द्वारा रचित पचासा ग्रंथ जीने की अद्भुत कला सिखाता है। इस अवसर पर सतीश, गुरदयाल सिंह, संदीप चौहान, कृष्ण, प्रवीण, पूर्ण सिंह, रामकुमार ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जगदगुरु ब्रह्मानंद की जयंती धूमधाम से मनाई

**घरौंडा।** जगदगुरु ब्रहमानंद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में विधायक हरवद्रिं कल्याण ने मुख्य रुप से शिरकत की ओर उन्होंने गुरुओं के बताए रास्तों का अनुशरण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरु किसी एक बिरादरी नहीं होते, वे सर्व समाज के होते है। उन्होंने कहा कि गुरुओं ने सदा मनुष्य को अच्छे कार्य करने व बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया है। रविवार को गांव बसताड़ा, कुटेल, गुढ़ा, कैमला, हरिसिंहपुरा, पुंडरी, अलीपुर खालसा, स्टोडी, रसूलपुर खुर्द, सरफाबाद माजरा, महमदपुर, बजीदा जाटान, झींवरहेड़ी, सहित अन्य गांवों में गुरु ब्रह्मानंद के चत्रि पर विधायक हरवद्रिं कल्याण ने पुष्प अर्पित किए ओर नमन करते हुए सभी को शुभकामनायें दी ओर ध्वजारोहण किया। विधायक कल्याण ने बताया कि जगतगुरु स्वामी ब्रहानंद महाराज के जन्मोत्सव को विभन्नि स्थानो पर पूरी श्रद्धा से मनाया गया।

## आश्रम के बेसहारा व आश्रितों को दिए गर्म जर्सी और स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

■ वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट एंव रोटरी क्लब ने की मदद

■ मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति,सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती हैं संस्थाएं

अग्रसेन भवन सैक्टर 8 करनाल के परिसर में वैश्य भवन चैरिटेबल ट्रस्ट एंव रोटरी क्लब करनाल द्वारा अपना आशियाना आश्रम जुडंला गेट करनाल के संचालक राज कुमार को आश्रम के दिव्यांग,बेसहारा व अपने परिवारों से बिछुडे आश्रितों हेतु 100 गर्म जर्सी और स्वेटर भेंट किए गए। दोनों संस्थाएं पूर्व मे रक्त दान स्वास्थ्य, दन्त जांच टीकाकरण शिविरों का आयोजन,भोजन भंडारा, जरूरतमंदों को वस्त्र, कम्बल वितरण,मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति,सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन आदि निरंतर करती रही हें।

आज के प्रकल्प मे ट्रस्ट के प्रधान शम्मी बंसल,रोटरी क्लब के प्रधान रोटेरियन विक्रम मितल व पूर्व असस्टिेंट गवर्नर रोटेरियन डॉ पी के जैन, देसराज गुप्ता,भूषण गोयल, जगमाल गुप्ता, विनोद गुप्ता,संजय गुप्ता, राजेश गोयल, पंकजमणि गोयल, कमल गुप्ता,रतन लाल बंसल, प्रवीण बंसल,राजेश बंसल,विजय जिंदल उपस्थित रहै।



करनाल। आश्रम के संचालक को गर्म जर्सी और स्वेटर भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### नव विवाहिता की संदिग्ध मौत, फंदे पर मिला शव

**करनाल।** करनाल के सलारपुरा गांव में नव विवाहिता की संदग्धि परस्थिितियों में मौत हो गई। परिजनों ने विवाहिता के शव को मकान के अंदर फंदे पर लटका देखा। मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।वासी नदीक्षा की शादी करीब आठ माह पूर्व कुंजपुरा के गांव सलारपुरा में अंकित के साथ हुई थी। रविवार को नदीक्षा द्वारा कमरे में चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। नव विवाहिता ने आत्महत्या किन कारणों से की अभी इसका खुलासा नहीं हो पाया है। महिला का पति जब कमरे में गया तो उसके पांव तले जमीन खिसक गई। पति का कहना है कि हम दोनों एक साथ अच्छे से रह रहे थे। फिर पता नहीं उसकी पत्नी ने ऐसा कदम क्यों उठाया। वही सूचना मिलते ही कुंजपुरा थाना के एसएचओ तरसेम कंबोज टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

## भागवत गीता एक योग शास्त्र है : वीणा बहन

■ गीता की राह वाह जिंदगी वाह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा




गीता जयंती महोत्सव को लेकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय वश्विवद्यालय की ओर से एक आध्यात्मिक कार्यक्रम श्री मद भगवद गीता की राह... वाह जिंदगी वाह का आयोजन नई अनाज मंडी में किया गया।जा रहा है।

जिसमें विधायक हरविंदर कल्याण ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की। विधायक कल्याण ने कहा कि गीता का सार है कि हमें अपने कर्म करने चाहिए, फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि गीता से जीवन में बहुत कुछ सीखने को मिलता है, इसलिए गीता का अनुशरण करना जरुरी है। रविवार को नई अनाज मंडी में आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम का विधायक हरविंदर कल्याण, कांग्रेस नेता वीरेंद्र सिंह राठौर की धर्मपत्नी नीतू राठौर,राजयोगनी लक्ष्मी बहन, बीके प्रेम बहन, बीके रेनू बहन सहित शहर के गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वल्लित करके शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में छोटे -छोटे बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में गीता विशेषज्ञ राजयोगिनी बीके वीणा दीदी ने कहा कि श्री भागवत गीता एक योग शास्त्र है ओर गीता के माध्यम में मनुष्य खुशी महसूस कर सकता है। आज के समय लोगों में हर समय दुविधा रहती है, लेकिन गीता का अनुशरण करना जरुरी है। हर समय मनुष्य दुविधा में रहता है, लेकिन जिंदगी जैसी भी है उसमें ख़ुश रहना सीखो, ये ही गीता हमें सिखाते है। कांग्रेस नेता वीरेंद्र सिंह की धर्मपत्नी नीतू राठौर ने गीता के पहले अध्यया के बारे में कहा कि कुरुक्षेत्र के मैदान में उपस्थित बंधुओ ओर सम्बन्धियों को सामने देख कर अर्जुन के मन में उठे विषाद का वर्णन किया गया है।

## मानव केयर संस्थान ने लगाया शिविर पचास लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंद्री

मानव केयर संस्थान की इंद्री शाखा द्वारा नगर पालिका इंद्री में रक्तदान शिविर लगाया गया। यह शिविर अमर शहीद उधम सिंह जी की पावन जयंती के उपलक्ष में मानव केयर संस्थान द्वारा हर वर्ष लगाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने भारत माता के चत्रि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर किया गया। शिविर में युवाओं और महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस मौके करीब 50 युनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में लिया गया रक्त कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल को समर्पित किया जायेगा जहां पर यह गरीब असहाय लोगों और थैलेसीमिया के मरीजों के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेगा। इस अवसर पर इंद्री शाखा के अध्यक्ष मदन लाल व सचिव अनिल रोहल्लिा ने युवाओं का उत्साह वर्धन करते हुए रक्तदाताओं का धन्यवाद किया।सभी रक्तदाताओं को बैज लगाकर और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में संदीप वर्मा, करणजीत सिंह, सतीन्दर सिंह, अमित आशीष रोहल्लिा व सचिन का योगदान रहा।



इंद्री। रक्तदान शिविर मे रक्तदान करते रक्तदाता व उपस्थित आयोजक। फोटो : हरिभूमि



करनाल। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया कोर्डिनेटर कोर्डिनेटर जगमोहन आनन्द जरुरतमंदों की सहायता करते हुए।

## जरूरतमंद की मदद ही भगवान की सच्ची सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

■ नहर कॉलोनी में जरुरतमंदों को किये वस्त्र वितरित

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मीडिया कोर्डिनेटर कोर्डिनेटर जगमोहन आनन्द ने कहा कि जरुरतमंदों की सहायता ही भगवान की सच्ची सेवा है। हमें हमेशा दूसरों की सहायता करने के लिए तैयार रहना चाहिए। नगर निगम के वार्ड नं. 3 की नहर कॉलोनी स्थित श्री शिव मंदिर के प्रांगण में पूर्व पार्षद मुकेश शर्मा जी द्वारा आयोजित जरुरतमंद महिला एवं पुरुषों को वस्त्र वितरण कार्यक्रम में पहुंचने पर मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनन्द का स्थानीय निवासियों द्वारा स्वागत किया गया। अपने उदबोधन में जगमोहन आनन्द ने कहा माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी की अंत्योदय की भावना से आज कई लोगों के लिए प्रेरणादायक साबित हो रही है। उनके द्वारा किये जा रहे जन कल्याण के कार्यों से प्रेरित होकर सेक्टर-6 से दो बार के पूर्व पार्षद रहे मुकेश शर्मा जी एवं उनकी समस्त टीम द्वारा हमेशा ही इस तरह के कार्य किये जाते रहे है। उन्होंने कहा कि इस तरह के पुनीत कार्य में यदि उनकी किसी भी प्रकार की जरुरत पडती है तो वह हमेशा ही इसके लिए तैयार है। उन्होंने कहा की सभी समर्थ लोगों को जरुरतमंदो की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, नहर कॉलोनी के प्रधान कर्मजीत, केडी गोयल, बाबू राम, लाजपतराय, रजतदीप, प्रदीप सैनी, शकुंतला एवं नीलम पाण्डेय मौजूद थे।

## एस.एम.एस.मेमोरियल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस

**तरावड़ी।** एस.एम.एस.मेमोरियल पब्लिक स्कूल तरावड़ी में क्रिसमस का त्यौहार वद्यिालय के प्रांगण में धूमधाम के साथ मनाया गया। वद्यिालय के सुसज्जित प्रांगण में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ जिसमें वद्यिार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस समारोह में वद्यिालय के प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने सभी उपस्थित वद्यिार्थियों एवं अध्यापकों को क्रिसमस के त्योहार की शुभकामनाएँ दी।

उन्होंने वद्यिार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वद्यिार्थी जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व है और हमें अपने दैनिक कार्यों को अनुशासन के साथ ही निभाना चाहिए तभी हम अपने जीवन के क्षेत्र में पूर्ण सफलता प्राप्त कर सकते हैं। क्रिसमस का त्योहार हमें एक दूसरे के साथ जोड़ता है, हमें इस त्योहार से एक दूसरे के प्रति सद्भावना का भाव अपनाना चाहिए।

वद्यिार्थियों को पर्यावरण का संदेश देते हुए वद्यिालय में लगे पेड़ पौधों को रंग बिरंगे गुब्बारे और लडिय़ों से सजाया गया। वद्यिालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने सभी को क्रिसमस की बधाई देते हुए प्रभु ईशु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।




तरावड़ी। स्कूल के बच्चे कार्यक्रम मे भाग लेते हुये। फोटो : हरिभूमि

## उपभोक्ता दिवस समारोह में लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

खादय एवं आपूर्ति विभाग कार्यालय में उपभोक्ता दिवस मनाया गया। उपभोक्ता अगर कोई भी चीज खरीदे तो उसकी एक्सपायरी डेट देखे व रशीद अवश्य ले। रविवार को खादय एवं आपूर्ति विभाग कार्यालय आयोजित उपभोक्ता दिवस पर विभाग के निरीक्षक इंदर संधू, निरीक्षक राजेश कुमार,डिपो होल्डर के पूर्व प्रधान अनिल सेन, अजय सिंगला, मोनू कुमार सहित अन्य लोगों ने चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता, राइस मल्सि के प्रधान वरुण गुप्ता, नई अनाज मंडी के प्रधान विनोद जैन सहित अन्य सम्मानित सदस्यों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। चेयरमैन हैप्पी लक गुप्ता ने कहा कि उपभोक्ताओ ने अपने अधिकारों के लिए जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर उपभोक्ता किसी भी सामान की खरीददारी करता है उसका बिल जरूर ले। उन्होंने कहा कि आज उपभोक्ता जमाखोरी, कालाबाज़ारी, मिलावट, अधिक सामान, कम नापतौल जैसी समस्याओ से घिरा है, इसलिए उपभोक्ताओ को जागना जरुरी है। खादय आपूर्ति अधिकारी इंदर संधू ने कहा कि उपभोक्ता को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए, तभी हम अपने अधिकारों के लिए लड़ सकते है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओ को उनके अधिकारों की जागृत करने के लिए 24 दिसंबर को उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है।

### भंडारे में आम व खास हर कोई हुआ नतमस्तक

## कलवेहड़ी में बाबा रामदास काली कमली वाले की हुई जयकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल





गांव कलवेहड़ी में बाबा रामदास काली कमली वाले की पावन स्मृति में 116वाँ शीतकालीन विशाल भंडारा लगाया गया। बाबा की समाधि पर उनके गद्दीनशीन वैद्य देवेंद्र बत्तरा, दर्शना बत्तरा के सानध्यि में प्रात पंड़ति चेतन देव शर्मा, शेखर शर्मा द्वारा हवन-यज्ञ करवाया गया। नारियल, हवन सामग्री, घी से पूर्ण आहूति दी गई। संत महात्माओं के पहुंचने पर उनका माल्याअर्पण, पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। उन्हें आसन पर विराजमान करके शोभायात्रा निकाली गई, ग्राम परक्रिमा करते हुए शोभा-यात्रा पीर बाबा कालेखां की मजार से होते हुए बाबा जी की कुटिया पर पहुंची और झंडा चढ़ाया गया। वद्यिापीठ के वद्यिार्थीयों ने सांस्कृतिक व धार्मिक प्रस्तुति दी। पठानकोट से आए देवेन्द्रा नन्द ने भी प्रभु की महिमा का गुणगान किया। बाल ऋषि कुमार ने वेदमंत्रों का उच्चारण किया। साजन आर्ट ग्रुप द्वारा राम दरबार की झांकी सजाई गई और राम की महिमा का गुणगान किया। स्वामी परमानंद, पं. चेतन देव शर्मा, पं. शेखर शर्मा ने भी प्रभु की महिमा का गुणगान किया। महामण्डलेश्वर स्वामी सत्यानन्द तीर्थ ने गुरू को मानना और गुरू की बात न मानने बारे वृतांत सुनाया। भंडारे में मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर जगमोहन आनंद, मेयर रेनू बाला गुप्ता पूर्व विधायक सुमिता सिंह, सीएम प्रतिनिधि संजय बठला, कांग्रेस के संयोजक त्रिलोचन सिंह, पार्षद ईश गुलाटी, पूर्व एक्साइज कमश्निर महेंद्र सिंह मजोका, पूर्व कमश्निर ए के गोयल, ने भी माथा टेका। बाद में सामूहिक रूप से आरती की गई, आरती करके भंडारा शुरू किया गया, हजारों भक्तों ने भंडारा लंगर ग्रहण किया। भंडारा कमेटी के प्रधान भारत भूषण काकू ने व्यवस्था संभाली। भक्तों ने लाईन में लग कर बाबा जी के दर्शन किए।

इस अवसर पर वैद्य देवेन्द्र बत्तरा, दर्शना बत्तरा, सुभाष गुरेजा, साबिया बत्तरा, कपिश मैहरा, आशीना मैहरा, अक्षज मैहरा, कामनी मैहरा, मोहित बवेजा, सुभाष वधावन, शशी वधावन, सन्नी मुंजाल, कोमल मुंजाल, हरीश कटारिया, देव रत्न नागपाल, उमेश, आस्था, अंजुरानी, सोना देवी, मामो देवी, तरुण राखा, जोगनद्रि मजोका, नरेन्द्र छाबड़ा, सुरेन्द्र मजोका, शाम चावला, रमेश पाल, रामकुमार, राजनद्रि मोहन शर्मा, बिनोद भाटिया, सुमित चौधरी मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## डीएवी पब्लिक स्कूल में क्रिसमस पर्व मनाया

**पानीपत।** डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में क्रिसमस का त्योहार मनाया गया। जिसमें नन्हे मुन्नों ने भाषण, गायन, भावाभिव्यक्ति एवं विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से जीसस क्रिस्ट का जन्मदिन मनाया। उन्होंने सैंटा क्लॉस, क्रिसमस ट्री डेकोरेशन, बैल्स, स्टार्स आदि बनाई। छात्रों ने जिंगल बैल, वी विश यू अ मैरी क्रिसमस आदि गीत गाकर एवं नृत्य प्रस्तुत कर सभी को जीसस क्राइस्ट के जन्मदिन की बधाई दी।

## पानीपत में कलश यात्रा निकाली

**पानीपत।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में अयोध्या से आए अक्षत रखकर घर-घर निमंत्रण देने के लिए आज एक कलश यात्रा, प्राण प्रतिष्ठा संयोजक सियाराम शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई। कलश यात्रा गांव काबड़ी से चलकर गांव महमदपुर, फरीदपुर, बाबरपुर मंडी, बाबरपुर गांव में कलश यात्रा पहुंची और इन गांवों के हर मंदिर में कलश स्थापित किए गए। वहीं कलश यात्रा के दौरान ग्राम वासियों को निमंत्रण के साथ अक्षत देकर अयोध्या पहुंचने की अपील की गई।

## सोनू ने बच्चे के लिए किया रक्तदान

**पानीपत।** डेरा सच्चा सौदा के सेवादार सोनू इंसा ने एक छोटे बच्चों के लिए रक्तदान कर मानवता का फर्ज अदा किया। जानकारी के अनुसार गांव गढ़ शरनाई वासी सुनील नाथ के एक वर्षीय बेटे को निमोनिया और प्लेटलेट सेल कम हो गए थे।

## बाबा श्याम के दर्शनों को श्रद्धालु रवाना

**पानीपत।** बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा प्राचीन श्री देवी मंदिर से चुलकाना धाम बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना की गई। मुख्य अतिथि शहरी कांग्रेस नेता संजय अग्रवाल व समाजसेवी रामाकांत मोदी, प्रमोद मितल दारा नारियल फ ोडकर व झंडी दिखाकर विधिवत रूप से दो बसें व पाच कार को ढोल बाजे से साथ रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा हर महीने की चान्दन की द्वादशी को सभी श्याम भक्तों को निःशुल्क दर्शन करवाती है। जिसमें संस्था द्वारा आना-जाना व खाना निःशुल्क दिया जाता है।

## उपभोक्ताओं को जागरूकता किया

**पानीपत।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में स्माइल फाउंडेशन सोसाइटी और खाद्या आपूर्ती विभाग द्वारा रोड धर्मशाला पानीपत में जागरूक अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्माइल फाउंडेशन सोसाइटी अध्यक्ष सुनीता सिवाच ने बताया कि उपभोक्ता वह व्यक्ति होता है जो किसी वस्तु या सेवा का उपयोग करने के लिए बाजार से वह वस्तु और सेवा को खरीदता है।

## मादक पदार्थ का तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस की टीम ने गांव जलालपुर द्वितीय में घर से 306 ग्राम चरस सहित आरोपी जुल्फान पुत्र शरीफ को गिरफ्तार किया। सीआईए वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी जुल्फान के खिलाफ थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

ऋषियों ने भारत को धर्मभूमि, योद्धाओं ने कर्मभूमि कहा

# विश्वास से श्रद्धा व इससे भक्ति उत्पन्न होती है: शर्मा

भारत विकास परिषद उत्तर क्षेत्र-दो का क्षेत्रीय अधिवेशन सेवा साधना केंद्र समालखा में आयोजित हुआ



**पानीपत।** भारत विकास परिषद के अधिवेशन में शिकरत करते अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भारत विकास परिषद उत्तर क्षेत्र-2 का क्षेत्रीय अधिवेशन सेवा साधना केन्द्र, समालखा में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन में दिल्ली व हरियाणा के विभिन्न स्थानों से भारत विकास परिषद की 200 शाखाओं के लगभग 3000 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। हरियाणा मध्य प्रान्त के प्रान्तीय अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने बताया कि अधिवेशन में सम्पर्क, सहयोग, सेवा, संस्कार और समर्पण की अद्भुत व शानदार मिसाल देखने को मिली। क्षेत्रीय अधिवेशन के संयोजक शिवकुमार मित्तल व सहसंयोजक दीपक जिन्दल ने बताया कि अधिवेशन स्थल पर लगाई गई प्रदर्शनी अति मनमोहक थी। क्षेत्रीय महासचिव राजकुमार अग्रवाल ने मंच संचालन बहुत ही कुशलता से किया व सभी अतिथिगण और शाखाओं से आए हुए कार्यकर्ताओं का अभिनन्दन किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विजय जैन, जगदीश जैन, ईश्वर गोयल रहे। इस कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता श्याम शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री, भाविप ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वास से श्रद्धा व इससे भक्ति उत्पन्न होती है ऐसे भक्ति भाव से भारत भूमि का मां मान कर सेवा करनी चाहिए।

ऋषियों ने भारत को धर्मभूमि, योद्धाओं ने कर्मभूमि कहा। यह राष्ट्र विशाल प्राकृतिक सम्पदाओं से भरा है। इस राष्ट्र को विषमताओं से बचाना है और संस्कारित करना। पवन जिंदल, प्रान्तीय संघचालक ने कहा कि परिषद संस्थापक डॉ. सूरजप्रकाश के विचारों से प्रेरित पांच बिन्दु सम्पर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण आधारित सार्थक काम होना चाहिए। इस क्षेत्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि व सांसद करनाल लोकसभा संजय भाटिया ने कहा कि त्यागी और बलिदानी परम्पराओं के इस महान देश में संगठित होकर राष्ट्रवाद से प्रेरित होकर जातिवाद से उपर उठ कर देश के उत्थान में सहयोग करना है।

# शिक्षा के साथ बच्चों को अच्छे संस्कार भी दें : सांसद संजय

- जीडी गोयंका स्कूल के वार्षिकोत्सव में शहीद मेजर आशीष धौंचक को श्रद्धांजलि दी, परिजनों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** शहीद मेजर आशीष के परिजनों को सम्मानित करते हुए सांसद व उपायुक्त आदि। फोटो :हरिभूमि

जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव वंसुधैव कुटुंबकम मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय भाटिया व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया, सीईओ विवेक चौधरी रहे। जबकि अध्यक्षता स्कूल के अध्यक्ष अतुल जैन ने की। कार्यक्रम में गांव बिंझौल निवासी शहीद मेजर आशीष धौंचक को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं उनके माता-पिता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सांसद संजय भाटिया ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ अच्छे संस्कार दिए जाएं तो वह अच्छे इंसान बन सकते हैं। बच्चों को पहले घर से उसके बाद स्कूल से जो संस्कार मिलते हैं, उन संस्कारों से ही वह अच्छाई के रास्ते पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को रोजाना सुबह नहाने की आदत डालनी चाहिए। नहाने के कई फायदे हैं। इससे जहां शरीर की सफाई होती है वही आंतरिक सफाई भी होती है। पढ़ाई में जो चीज 1 घंटे समझ आती है वह नहाने के बाद 15 मिनट में ही समझ आ जाती है।

नहाने से ऊर्जा मिलती है। उन्होंने जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल के संस्थापक स्व. ओमप्रकाश जैन को भी इस अवसर पर याद किया और उनके लगाए गए पौधे को आगे बढ़ाने के लिए अध्यक्ष अतुल जैन को आशीर्वाद दिया। अतिथियों को शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल रितु सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट पढकर गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर रामभज जैन, सुशील जैन, डा.वीके गुप्ता, बलराम शर्मा, डायरेक्टर मधु अग्रवाल, सीए कमल किशोर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। अध्यक्ष अतुल जैन ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। वहीं स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। स्कूल के मेधावी छात्र.छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## जजपा की नवसंकल्प रैली ऐतिहासिक होगी : जयदेव

**पानीपत।** जजपा के प्रवक्ता जयदेव नौल्था ने दावा किया कि सात जनवरी को घरौंडा में आयोजित होने जा रही जजपा की करनाल



लोकसभा क्षेत्रीय नवसंकल्प रैली ऐतिहासिक होगी। रैली में करनाल व पानीपत क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे। वहीं रैली को कामयाब बनाने के लिए जजपा नेता व कार्यकर्ता योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहे है। जजपा की हर रैली अपनी पुरानी रैली का रिकार्ड तोडती है, घरौंडा में आयोजित होने जा रही नव संकल्प रैली जजपा के इतिहास में सबसे बडी रैली साबित होने जा रही है। जजपा ने जनता से किए हर चुनावी वादे को पूरा कर दिया है। इसके चलते जनता जजपा की नीति व नीयत से बेहद खुश है।

# निर्धनों की सेवा करना ही प्रभु भक्ति

- जीडी गोयंका स्कूल के वार्षिकोत्सव में शहीद मेजर आशीष धौंचक को श्रद्धांजलि दी, परिजनों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** समाज सेवा संगठन के पदाधिकारीगण निर्धनों को गर्म वस्त्र बांटते हुए।

समाज सेवा संगठन की ओर से बलाना रोड पर जरूरत मंद बच्चों व औरतों को को गर्म जैकेट वितरण की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अथिति नीरज गोयल ने कहा समाज सेवा संगठन जरूरत मंद को गर्म कपड़े वितरण कर बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है हम सबको ऐसे संगठन का सहयोग करना चाहिए। संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया समाज सेवा संगठन की ओर से इस वर्ष के गर्म कपड़े वितरण अभियान के तहत आज बलाना रोड पर नीरज गोयल की फैक्ट्री व आस पास की फैक्ट्री में रहने वाले बच्चों को गर्म जैकेट वितरण की। जैन ने कहा हम बहुत ही भाग्य शाली है हमें आज जरूरत मंद बच्चो को गर्म कपड़े वितरण करने का सौभाग्य मिला और बच्चो की चेहरे पर अपार खुशी थी और अगर किसी की भी नजर में पानीपत के 10 किलोमीटर के एरिए में ऐसा कोई परिवार हो जिसको गर्म कपड़ों की जरूरत है तो 9812863034 पर सम्पर्क करें।

# निर्धन परिवारों की छात्राओं को साइकिल बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सराहना की

**पानीपत।** लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर द्वारा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय सोंधापुर में जरूरतमंद सात छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के पूर्व गवर्नर विनय गर्ग रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद संजीव दहिया मौजूद रहे। कार्यक्रम में लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के प्रधान पवन ढींगरा, प्रोजेक्ट चेयरमैन पंकज ढींगरा, सचिव रविंद्र जैन, कोषाध्यक्ष सुखविंदर सिंह अतिथि मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी चावला ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए सराहना की। मुख्य अतिथि विनय गर्ग ने कहा कि लायंस क्लब समय-समय पर जरूरतमंदों की सेवा करने में जुटा रहता है।



**पानीपत।** लायंस क्लब के पदाधिकारीगण छात्राओं को साइकिल बांटते हुए। फोटो :हरिभूमि

इसी कड़ी में आज सात छात्राओं को विद्यालय में आने जाने के लिए साइकिल उपलब्ध करवाई गई। वहीं सोंधापुर के उधम सिंह पार्क में चार डस्टबिन भी लगाए गए। जिसमें पार्षद संजीव दहिया मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पार्षद संजीव दहिया ने लायंस क्लब पानीपत ग्रेटर के इन सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इसे पुण्य का कार्य बताया।

# आप ने निकाली बदलाव यात्रा

- फूल माल पहना कर चित्रा सरवारा का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत में बदलाव यात्रा निकालते हुए आप नेता व कार्यकर्ता।

हरियाणा आम आदमी पार्टी प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा के नेतृत्व में आज पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बदलाव यात्रा का आयोजन किया गया। कालका से चली बदलाव यात्रा आज करनाल घरौंदा होते हुए पानीपत ग्रामीण के गांव गांजबड़ पहुंची। यात्रा का नेतृत्व चित्रा सरवारा कर रही थी। प्रदेश सह सचिव सुखबीर सिंह मलिक व उनकी पूरी टीम ने यात्रा एवं चित्रा सरवारा का स्वागत किया। गांव गांजबड़ में प्रदेश के 44 गांव के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। फूल माल पहना कर चित्रा सरवारा का स्वागत किया। आम आदमी पार्टी पानीपत ग्रामीण बदलाव पदयात्रा वर्मा चौक कुटानी रोड से शुरू हुई। वर्मा चौक से यह पदयात्रा ड्रेन नंबर एक तक चली। जगह-जगह पर क्षेत्र की जनता ने दिल खोलकर स्वागत किया। सड़क के दोनों तरफ घरों के ऊपर खड़ी औरतों व बच्चों ने फूल बरसा कर यात्रा का स्वागत किया।

# स्वामी श्रद्धानंद जी का बलिदान दिवस मनाया

- उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने बांटे आर्य स्कूल में बच्चों को चकक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



आर्य स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते उपायुक्त वीरेंद्र दहिया।

आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आर्य समाज ,शिक्षा को गति और गुरुकुल प्रणाली शुरू करने वाले स्वामी श्रद्धानंद जी का बलिदान दिवस मनाया गया। गुरुकुल कांगड़ी और गुरुकुल कुरुक्षेत्र स्वामी श्रद्धानंद जी की ही देन है। इस अवसर पर विद्यालय में मुख्य अतिथि शहर के उपायुक्त वीरेंद्र दहिया और आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान सेठ राधा कृष्ण आर्य रहे। वहीं डीसी दहिया ने विद्यालय के खिलाड़ी बच्चों जिन्होंने खेलों में जिला स्तर व प्रदेश स्तर पर मेडल हासिल किए उन्हें चेक राशि देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रबंधन समिति की ओर से शहर वासियों के लिए देसी घी का भंडारा भी रखा गया, जिसकी शुरूआत उपायुक्त दहिया व सेठ राधा कृष्ण आर्य ने की। प्रबंधक रामपाल जागलान व प्राचार्य मनीष घनघस ने विद्यालय पधारने पर सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान वीरेंद्र पाढा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र जागलान, डॉ. सुरेंद्र, राजेश घनगस, सुमित्रा अहलावत, मेहर सिह, आर्य कन्या वीर भवन की प्राचार्य स्वीटी छिकारा मौजूद रही।

# सेंट जेवियर स्कूल में मनाया क्रिसमस कार्निवल

- बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ विभिन्न खेलों में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**समालखा।** सेंट जेवियर हाई स्कूल समालखा में क्रिसमस कार्निवल में बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

सेंट जेवियर हाई स्कूल समालखा में रविवार को क्रिसमस कार्निवल बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि अमित कुमार एसडीएम समालखा, एडवोकेट चेयरमैन रविंद्र कुंडू का भव्य स्वागत किया गया। मंच पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. अनुज सिन्हा और मुख्य अध्यापिका नीलम शर्मा ने मुख्य अतिथि, चेयरमैन को गुलदस्ता भेंट करके सम्मान दिया। मंच का संचालन नीलिमा मनचंदा के द्वारा बहुत ही बेहतरीन तरीके से किया गया। आदीश, चहक, तनीषा और गार्गी ने सभी का स्वागत करते हुए कार्निवल को आगे बढ़ाया। सभी कक्षाओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। गायन शिक्षक मिल्कियत द्वारा बच्चों की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। नृत्य शिक्षक सोनू और दिव्या द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों का शानदार नृत्य प्रदर्शन दिया गया। विभिन्न प्रकार की डांस परफॉर्मेंस करवाई गई। डांस परफॉर्मेंस में हिप-पॉप, कपल डांस, रेटरो डांस, फनी डांस ऐसे ही बहुत सारे डांस को शामिल किया गया। आकांक्षा मैडम के द्वारा योगा का एक शानदार प्रदर्शन दिया गया। बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ विभिन्न खेलों में भाग लिया। जीतने वाले विद्यार्थियों को प्रत्येक खेल प्रतियोगिता में इनाम वितरित किए गए। सभी छोटे बच्चों के लिए बाउंसिंग गेम्स, ट्रामपॉलिन भी रखी गई। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. अनुज सिन्हा, हेडमिस्ट्रेस नीलम शर्मा, कोऑर्डिनेटर अवनीत सिंह, नीलिमा श्रीधर व शिल्पी जैन मौजूद रहे।

# अब जिला सचिवालय में फूलों से महकेगा शहीद स्मारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** शहीद स्मारक पर पौधरोपण करते हुए ग्रीनमैन दलजीत आदि।

गुरु गोविन्द सिंह के जन्मोत्सव व गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर पानीपत के शहीद स्मारक में ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने अपने देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इको क्लब के विद्यार्थियों के साथ पौधरोपण अभियान चलाया। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने बताया कि जिला पानीपत नगराधीश आदरणीय राजेश कुमार सोनी के मार्गदर्शन में शहीद स्मारक पानीपत का सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है। आज 30 डहेलिया,35 इंग्लिश व देसी गुलाब, गेंदा, सहित विभिन्न प्रकार के 100 से अधिक पौधे योजना अनुसार रोपित किए गए। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य पानीपत को हराभरा बनाना और अधिक से अधिक लोगो को पर्यावरण संरक्षण विषय के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान संदीप कल्याणी, नवनीत, विधि, भारती, रोजी, रेणु, काजल सहित अनेक विद्यार्थियों ने व लघु सचिवालय के माली मौजूद रहे।

# देशवाल बने व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इंडियन नेशनल लोकदल व्यापार प्रकोष्ठ का रणबीर देशवाल को दोबारा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर जहां कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है, वहीं रणबीर देशवाल ने दोबारा से अपनी नियुक्ति पर इनेलो सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला, विधायक अभय सिंह चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश गोयल का आभार व्यक्त किया है। रणबीर देशवाल ने कहा कि जो



पानीपत। इनेलो नेता अभय चौटाला के साथ रणबीर देशवाल।

जिम्मेवारी उनके नेताओं ने उन्हें दी है उसे वह कड़ी मेहनत व ईमानदारी से निभाएंगे। पार्टी के साथ अधिक से अधिक व्यापारी वर्ग को जोडकर संगठन को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में इनेलो की सरकार बनना तय है। भाजपा और जजपा गठबंधन की सरकार से लोगों का मोह भंग हो चुका है। कांग्रेस के कुशासन को भी लोग देख चुके हैं। इनेलो एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी 36 बिरादरी को साथ लेकर चलती है।

# पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बनेंगे 27 मॉडल स्कूल

- 2047 तक पूरी दुनिया देखेगी भारत की मजबूती का नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के गांव निजामपुर व भैंसवाल में आयोजित किए गए जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पानीपत ग्रामीण विधान सभा के विधायक महिपाल ढाडा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा भ्रष्टाचार को खत्म करने व देश को



पानीपत। विधायक महिपाल ढांडा, महिला को गैस कनेक्शन के कागजात देते हुए।

विकसित बनाने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिशन है। 2047 तक पूरी दुनिया देखेगी भारत की मजबूती का नजारा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निर्णय लिया है कि हर घर में नल से जल की व्यवस्था हो, कोई भी घर गैस कनेक्शन से वंचित ना रहे। उन्होंने कहा कि जन संवाद में जो समस्याएं पहुंचती हैं उनका एक महीने में निदान निश्चित है। विधायक ने कहा की जब तक हमारा अपना घर मजबूत नहीं होगा देश मजबूत नहीं होगा यह सच है। इस दिशा में तीव्रता से कार्य किया जा रहा है। रोजगार मेले लगाए जा रहे हैं। उन्होंन कहा कि विकसित भारत यात्रा के तहत आयोजित जन संवाद में लोगो की समस्याओं की सुनाई कर उनका मौके पर निदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2025 में नई शिक्षा नीति को लागू किया जाएगा इसके सार्थक परिणाम होंगे। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पानीपत ग्रामीण क्षेत्र में 27 मॉडल स्कूल बनाए जाएंगे जिनमे वाताअनुकूल की सुविधा रहेगी। बच्चों को आधुनिक शिक्षा के तहत जहां तैयार किया जाएगा वहीं उनके पेरेंट्स को भी ऑनलाइन शिक्षा की सुविधा प्रदान की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे

**बराड़ा।** लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में बीते दिवस क्रिसमस का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मुख्यातिथि के रूप में प्रबंधन समिति के चेयरमैन राजकुमार सांगवान ,सचिव रमेश सांगवान व प्राचार्या डॉ रेनू सोहता ने शिरकत की।

### चरस तस्करी में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर के सिटी पार्क के पास से पुलिस ने आरोपी कमल नैन को 22 ग्राम 750 मिलीग्राम चरस व एक्टिवा सहित गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का काम करता है।

### कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर के देवी नगर के पास से सीआईए-1 ने आरोपी अकबर उर्फ लक्की उर्फ यश अवैध कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जेल भेज दिया गया है। सीआईए-1 को गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार लिए खड़ा है जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। अब उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। बाजीगर कॉलोनी के रहने वाले प्रेम ने 12 फरवरी 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि इंदिरा पार्क के पास से किसी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी कर ली है।

### धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मारपीट कर चोरी करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी तरुण को गिरफ्तार किया है। प्रेमनगर के राजकुमार ने 23 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 19 अक्तूबर 2023 से 18 दिसंबर 2023 के दौरान आरोपी तरूण ने दुकान नंबर 1 प्रेम नगर एक बडी रकम चोरी करके मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

## पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में हुआ सांस्कृतिक एवं पारितोषिक समारोह

# हरियाणवी व राजस्थानी नृत्य पर छात्रों ने मचाया धमाल, अभिभावक हुए अभिभूत





अंबाला। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियां देते स्कूली छात्र।

**स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन को नृत्य नाटिका द्वारा दर्शाया गया, जो की बहुत ही मनमोहक था**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में जूनियर विंग का सांस्कृतिक व पारितोषिक समारोह इंद्रधनुष सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विवेक मल्होत्रा एवं डॉ. अनुपमा मल्होत्रा ने इ-लाइटनिंग द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने कार्यक्रम का आगाज मां भवानी को समर्पित करके किया। स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन को नृत्य नाटिका द्वारा दर्शाया गया, जो की बहुत ही मनमोहक था। कल और आज नामक नाटक देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए। नई शिक्षा प्रणाली से प्रेरित ' मन ' शो ने लोगों को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। पुराने गानों पर नृत्य ने सबका मन मोह लिया।

राजस्थानी नृत्य में बच्चों की भाव भंगिमाएं देखने लायक थी। छात्राओं का परांत पर नृत्य करना सच में हैरतगेंज़ था। इसके पश्चात तिरंगे को समर्पित नृत्य प्रस्तुति दर्शकों को हैरान कर गई। यह प्रस्तुति देश-प्रेम ,भक्ति-भाव व शिक्षा से ओत-प्रोत थी। हरियाणवी नृत्य में छात्राओं ने पारंगत हरियाणवी नृत्य से सब हत -प्रब्ध कर दिया। इंद्रधनुष छठ में रंगी सभी प्रस्तुतियां स्कूल की आन-बान-शान की चरम सीमा दर्शा रही थी।



मुख्य अतिथि डॉ. विवेक मलहोत्रा ने बताया कि स्कूल की उपलब्धियां व प्रस्तुतियां सच में ही प्रशंसा योग्य है। उन्होंने कहा कि पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के मानचित्र पर शीर्ष स्थान पर है। स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों में स्टेज के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना है ताकि आगे आने वाले समय में वे पुरे आत्मविश्वास के साथ हर कार्य को अंजाम दे।उन्होंने अभिभावकों को स्कूल में चल रही गतिविधियों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में लगभग 600 बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी। नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई सारी प्रस्तुतियां एक से बढ़कर एक थी।



अंबाला। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक असीम गोयल।

# मोदी की गारंटी वाली गाड़ी ग्रामीणों के लिए खुशियां लाई

- विधायक असीम गोयल बोले 2047 तक देश को पीएम मोदी ने विकसित राष्ट्र बनाने का लिया है संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि मोदी की गांरटी वाली गाड़ी एक संकल्प के साथ पूरे देश में निकली जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है। उस संकल्प को पूरा करने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पूर्ण आहुति डालनी होगी। तभी हम इस संकल्प को पूरा करने में सफल होगें। मोदी की गांरटी वाली गाडी आमजन के लिए खुशहाली लेकर आई हैं। विधायक विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव मेहला, भुन्नी और सौंटी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे थे। गोयल ने इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों विकसित भारत की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि सरकार के संकल्प लेने मात्र से कुछ नहीं होगा। इस मौके पर विधायक ने यह भी कहा कि गांव मेहला में पहले आयुष्मान योजना के तहत 580 आयुष्मान कार्ड बने हैं। कार्यक्रम में 25 आयुष्मान कार्ड और बने हैं यानि 605 आयुष्मान कार्ड गांव में नब चुके हैं। इसका मतलब है कि 3 करोड़ रूपए से ज्यादा की स्वास्थ्य की गांरटी मोदी गांव के लोगों को दी हैं।कार्यक्रम के तहत गांव भुन्नी में 28 आयुष्मान कार्ड बने व सौंटी में 20 आयुष्मान कार्ड बने।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर डीडीपीओ दिनेश शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि मेहला दलबीर सिंह, सरपंच प्रतिनिधि सौंटी तिलक राम, सरपंच भुन्नी अनीता देवी, गुरचरण सिंह फौजी, बाबा राम स्वरूप, जगीर, अमरजीत, संजीव गोयल टोनी, मंदीप राणा, आर्यन बत्तरा, हरप्रीत भल्ला, अमन, साहिल, सोमनाथ, रघुबीर नडियाली, मामचंद नडियाली, जसबीर सौंटी, रवि सिंह, चरणजीत कलावड़ व अन्य लोग शामिल रहे।



बराड़ा। कार्यक्रम के शुभारंभ पर दीप प्रज्जवलित करते समाजसेवी सुरेंद्र जुनेजा।

# रंगारंग प्रस्तुतियों से छात्रों ने मचाई धूम, शास्त्रीय नृत्य पर बजी तालियां

**बराड़ा।** रविवार को जय पब्लिक स्कूल गुरूकुल में वार्षिक उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय पंजाब महासभा के अध्यक्ष सुरेंद्र जुनेजा मुख्यअतिथि के तौर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत केएल जौहर अध्यक्ष गुरूकुल , निदेशक विक्रम जौहर, विद्यालय प्रिंसिपल डॉ. नीलम जैन, बलराम मुख्य समन्वयक, राजेश कुमार मुख्य संरक्षक गुरूकुल की अध्यक्षता में हुई। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बच्चों के भव्य प्रर्दशन को देखकर सभी अतिथि और अभिभावक गण मंत्रमुग्ध रह गए। तत्पश्चात विद्यालय प्रिंसिपल डॉ. नीलम जैन ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट व उपलब्धियों का विवरण दिया। जय उत्सव में 360 बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया। बालीवुड, देश प्रेम, विज्ञान, माँ पा एक्ट, चेयर डांस, जल ही जीवन, शास्त्रीय नृत्य और भंगडा कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे। गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की।

## डीएवी में हुआ गीता श्लोकोच्चारण

**बराड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 के अंतर्गत गीता श्लोकोच्चारण आयोजित हुआ। श्रीमद् भगवद् गीता के 18 अध्यायों से 18 श्लोकों का उच्चारण डीएवी. स्कूल के लगभग 350 विद्यार्थियों द्वारा हुआ। इसमें गवर्नमेंट स्कूल गांव डुलियाना के 50 बच्चों ने शिरकत की। बीईओ प्रमोद राणा के दिशा निर्देशन में स्कूल के बच्चों ने वातावरण को गीता जी के श्लोको से गुंजायमान कर दिया। प्राचार्या सुनीता कपूर ने बच्चों व अध्यापकों का स्वागत करते हुए बताया कि जीवन में अच्छे व सद्कर्म सिर्फ 'योगस्थ कुरु कर्माणि' द्वारा ही संभव है। जीवन की ऊंचाइयों सिर्फ 'योग कर्मंतु कौशल' द्वारा ही प्राप्त हो सकती है। गीता हमें ज्ञान योग व कर्म योग का अद्भुत सबक देती है।

# नंबरदारों का सम्मान करेने वाला ही करेगा राज

- मांगों को घोषणापत्र में शामिल करने वाले राजनैतिक दल को पुरजोर समर्थप देने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

अंबाला लोकसभा क्षेत्र के नंबरदारों की रविवार को जाट धर्मशाला में अहम बैठक हुई। इस बैठक में मुख्यातिथि के तौर पर हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जिले सिंह शामिल हुए।

नंबररदारों ने कहा गया कि जो नंबरदारों का सम्मान करेगा वही हरियाणा पर राज करेगा। प्रदेश अध्यक्ष जिले सिंह ने कहा कि नंबरदारों की नियुक्ति पर लगाई रोक को निरस्त करने और रिक्त पदों पर तय योग्यता के अनुसार नंबरदारों को 50 प्रतिशत कोटा प्रदान करने की मांग उनके द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि वे इस पद पर मानदेय के लिए नहीं बल्कि मान-सम्मान के लिए सेवाएं दे रहे हैं। राज्य भर में नंबरदार एक जिम्मेवार अधिकारी की भांति अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा की सरकार को चाहिए तो था नंबरदारों के मान सम्मान को बढ़ाना चाहिए लेकिन इसके विपरीत सरकार द्वारा नंबरदारी के पद को समाप्त करने की बात बेहद निंदनीय विषय है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में नंबरदारों के कुल 28 हजार पद हैं। इनमें वर्तमान में 20 हजार से अधिक पर नंबरदार कार्यरत हैं। 4 हजार रिक्त हैं और करीब 4 हजार की नियुक्ति विचाराधीन है। देश में राजा हर्षवर्धन के शासनकाल से चली आ रही नंबरदारी परंपरा को बचाने के लिए संगठन एकजुट हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नंबरदार एसोसिएशन भगत राम ने कहा कि हरियाणा में होने वाले राज्य स्तरीय सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू कश्मीर सहित अन्य राज्यों के नंबरदार भी शामिल होंगे। बैठक में पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर के जिला, तहसील नंबरदार प्रधानों ने भी हिस्सेदारी की।नंबरदारों ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के द्वारा उन्हें आयुष्मान योजना से जोड़ने की घोषणा की गई थी लेकिन अब तक भी वे इस सुविधा से वंचित हैं। इसकी वजह से नंबरदारों को बीमारी के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



नारायणगढ़। बैठक को मौजूद अंबाला लोकसभा के नंबरदार।

# प्राइमरी टीचर युनियन के प्रधान बने तरविंद्र



बराड़ा। चुनी गई नई कार्यकारिणी के नवनिर्वाचत

**बराड़ा।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड बराड़ा के आम चुनाव का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। इसमें राजेश कुमार तथा मदनलाल ने पर्यवेक्षक के तौर पर अपनी भूमिका निभाई। चुनाव प्रक्रिया के शुरू होने से पूर्व खंड प्रधान तरविंदर शर्मा ने अपनी कमेटी का वित्तीय लेखा जोखा उपस्थित अध्यापकों के सामने रखा तथा अपनी पूरी कमेटी को भंग करते हुए खंड की कमेटी का इस्तीफा पर्यवेक्षक महोदय राजेश कुमार को सौंपा। इसके पश्चात नियम अनुसार पर्यवेक्षकों ने दोबारा चुनाव प्रक्रिया को शुरू करते हुए सर्वसम्मति से तरविंदर शर्मा को फिर प्रधान बनाया। रणवीर मलिक को महासचिव, जितेंद्र कुमार को उप प्रधान, मीतू मित्तल को सचिव, सुनील चावला को कैशियर तथा रूपा सैनी को प्रेस प्रवक्ता के तौर पर चुना गया।



## कैंप में 176 ग्रामीणों ने करवाई जांच

**अंबाला।** पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप रविवार को माता रानी मंदिर गांव मानकपुर में लगाया गया। कैंप का 176 ग्रामीणों ने लाभ उठाया। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड , लिपिड प्रोफाइल, एचबी समेत कई टेस्ट निशुल्क किए गए साथ ही परिवार पहचान पत्र, ई - श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। कैंप में डॉ. मनमोहन गुप्ता ने 60 लोगों की आंखों को जांचा। डॉ. मोहित गुप्ता ने 30 लोगों की हड्डियों से संबंधित बीमारियों को जांचा व उन्हें परामर्श दिया। डॉ. सतिंदर सिंह ने 43 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा। कैंप में स्वास्थ्य जांच के बाद ग्रामीणों को दवाइयां भी निशुल्क दी गईं। कैंप में 10 ग्रामीणों ने अपने परिवार पहचान पत्र व 5 लोगों ने अपने आयुष्मान कार्ड भी मौके पर ही बनवाए। ट्रस्ट की मोबाइल वैन में 28 लोगों ने अपने रक्त की जांच करवाई जिन्हें उनकी रिपोर्ट जल्द सौंप दी जाएगी।

# रविदास नगर कीर्तन सोसायटी के प्रधान बने गुलशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

श्री गुरु रविदास नगर कीर्तन वैलफेयर सोसायटी की बैठक गांव नाहरा स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर में नवनियुक्त प्रधान गुलशन कुमार की अध्यक्षता में हुई। बीते दिवस सोसायटी के कार्यकारिणी सदस्यों व पदाधिकारियों ने गुलशन कुमार को प्रधान चुना। नाहरा पहुंचने पर नवनियुक्त प्रधान गुलशन कुमार का श्री गुरु रविदास मंदिर कमेटी नाहरा व अन्य लोगों द्वारा फूलमालाएं डालकर स्वागत किया गया।

बैठक में जगतगुरु श्री गुरु रविदास जी महाराज के प्रकाश पर्व पर हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजित होने वाले विशाल एंव भव्य नगर कीर्तन के आयोजन के संबंध में विचार विमर्श किया गया। गांव नाहरा के लोगों ने नगर कीर्तन ने भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्ण सिंह को श्री गुरु रविदास नगर कीर्तन वैलफेयर सोसायटी का मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर मास्टर निर्मल केसरी ने युवाओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और समाज के संपन्न लोगों को जरूरतमंद युवाओं के रोजगार में मदद की अपील की। शीशपाल देहरा ने समाज को जोडऩे की बात कही। इस अवसर पर सोसायटी के उपप्रधान शमशेर सिंह, अमरदीप, सुमेर सिंह नंबरदार, डॉ. रिंकू, प्रदीप कुमार, रोहित कुमार, अमित सिंह, बलिंदर सिंह, जय प्रकाश, रवि कुमार, मोहित कुमार, राजकुमार, सोरन कुमार, हरिचंद, श्याम लाल, दयावती, मेजो देवी, बंती देवी, मंजू बाला, इश्मीत चौधरी, वंश, युवराज, कुनाल, जोनी, दीपांशु समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।



# एक्टिवा सवार महिला का पर्स छीनकर बाइक चालक फरार

- महिला की नीचे गिरने से बाजू टूटी
- पर्स में एक लाख रुपये की नकदी के साथ मोबाइल फोन व जरुरी दस्तावेज भी थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

फिनिक्स क्लब की महिला मेंबर से बाइक सवार 2 बदमाश पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स में लगभग एक लाख कैश, मोबाइल और जरूरी दस्तावेज थे। वारदात के दौरान महिला एक्टिवा से नीचे सड़क पर गिर गई जिसकी वजह से बाजू टूटने के साथ उसे कई जगह चोटें आई। अंबाला कैंट की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की 63 साल की सुजाता वालिया ने बताया कि वह फिनिक्स क्लब की मेंबर है। 15 दिसंबर की शाम करीब साढ़े 6 बजे वह राम नगर की मंजू जैन के साथ एक्टिवा पर फिनिक्स क्लब से अपने घर की तरफ आ रही थी। सुजाता ने बताया कि एक्टिवा मंजू चला रही थी। जब वे योग आश्रम के पीछे सरकारी ट्यूबवेल के पास पहुंचे तो पीछे से बिना नंबर की बाइक पर 2 युवक आए और उसके हाथ से पर्स छीनने लगे। उसने पर्स बचाया तो एक्टिवा का संतुलन बिगड़ गया। वह दोनों सड़क पर जा गिरीं। बाइक पर आए दोनों युवक उसके हाथ से पर्स छीनकर फरार हो गए। राहगीरों ने महिला को उठाया। पर्स में क्लब के 85 हजार, उसका खुद का 15 हजार कैश, मोबाइल व जरूरी दस्तावेज थे।

## गौवंश का कटा सिर मिलने से हंगामा, जांच शुरू

**अंबाला।** गोवंश का कटा सिर मिलने पर रविवार को विभिन्न धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। गौवंश का कटा सिर चौकी नंबर-4 एरिया के अंतर्गत आने वाले पालिका विहार और कालका चौक के बीच की है। उधर चौकी नंबर-1 एरिया में जैन कॉलेज रोड के पास नाले में कट्टे में बंधा हुआ भैंस का कट्डा मिला है। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पुलिस पहुंची। धार्मिक संगठन के लोगों ने कहा कि अंबाला में कई बार संदिग्ध हालत में कभी गोवंश का कटा हुआ सिर मिल रहा है तो कभी मांस। अब मरा हुआ कट्टे में बंध कट्डा मिला है।बता दें कि एक माह पहले पंजोखरा थाना एरिया में गांव मंडोर के पास भारी मात्रा में गोवंश का मांस पकड़ा था। बजरंग दल का आरोप था कि गोवंश के मांस को पैक करके कहीं भेजा जा रहा था।मामला उजागर होने के बाद ऐसे धंधे में संलिप्त लोगों ने अपनी गतिविधि कुछ समय के लिए रोक दी थी लेकिन अब फिर रात के समय गोवंश का कटा हुआ सिर मिलना बड़ा सवाल है।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681005

## कीर्तन के साथ रक्तदान शिविर भी किया जाएगा आयोजित

# शहीदी जोड़ मेले की तैयारियां पूरी, नगर कीर्तन होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

गुरूद्वारा बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह दोसडक़ा में तीन दिवसीय 'शहीदी जोड़ मेले' को लेकर निरंतर तैयारियां जारी है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिंखों के दसवें गुरू श्री गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह तथा माता गुजर कौर की याद में तीन दिवसीय शहीदी जोड़ मेले का आयोजन 25 से 27 दिसंबर तक बड़ी धूमधाम व श्रद्वा से किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन के लिए सभी तैयारियां पुरी की जा चुकी है।



बराड़ा। गुरूद्वारा बाबा जोरावर बाबा फतेह सिंह में फूलों की सेवा करती संगत।

गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जसबीर सिंह खालसा ने बताया कि 25 दिसंबर को सुबह 9 बजे गुरूद्वारा साहिब में श्री अखंड पाठ साहिब का शुभारंभ किया जाएगा तथा इसी दिन विशाल नगर कीर्तन भी निकाला जाएगा। नगर कीर्तन में 'बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह इंटरनैशनल गतका अखाड़ा' गांव नलवी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा।

26 दिसंबर को अमृत संचार, कविता तथा सुंदर पगड़ी मुकाबले करवाएं जाने के अलावा ब्लड कैंप का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें भारी संख्या में संगत खूनदान करेगी। खालसा के मुताबिक 27 दिसंबर को आदेश अस्तपताल द्वारा फ्री मेडिकल चेकअप कैंप के अलावा गुरूद्वारा साहिब में आरंभ किए गए श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डालने के उपरान्त विशाल कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा जिसमें भाई रणजोथ सिंह, भाई लखबीर सिंह, भाई हरदीप सिंह पिलखनी, भाई गुरफतेह सिंह शांत, भाई हरदयाल सिंह, भाई कृपाल सिंह, भाई साहिब सिंह, ज्ञानी परमिन्द्र सिंह अमोलक आदि रागी, डाढी व कथावाचको द्वारा कीर्तन के माध्यम से संगतों को निहाल किया जाएगा। इस मौके पर श्रद्वालुओं के लिए लंगर का विशेष प्रबंध किया जाएगा।